Azadi Ka Amrit Mahotsav

M.P. State Minor Forest Produce (T&D) Cooperative Federation Ltd.

74 Bungalows, Sports Complex, Indira Nikunj Nursery, Bhopal-462003 (M.P.)
Phone +91-755-2674208, 2674202, 2674304, Fax- +91-755-2552628
E-mail: md.mfpfed@mp.gov.in, mfpparc@gmail.com
Website - www.mpintherbalfair.com, www.mfpfederation.org

International Herbal Fair Bhopal 2022 20-26 December

क्रमांक/ संघ/ एम. एफ. पी. -पार्क/2022/ 1644 भोपाल दिनांक 18/10/2022

प्रति,

संस्था प्रमुख, वैज्ञानिक, आयुर्वेदाचार्य,
अध्यापक गण, वैद्यगण, औषधीय विशेषज्ञ,
अनुसंधानकर्ता एवं वन अधिकारी गण

विषय: 9वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेला -2022 में प्रकाशित होने वाली स्मारिका हेतु आलेख भेजने के सम्बन्ध में।

अत्यंत हर्ष का विषय है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी **दिनांक 20-26 दिसम्बर 2022 की अवधि में (7 दिवसीय)** 9वें अन्तर्राष्ट्रीय वन मेले का आयोजन वन विभाग, मध्यप्रदेश शासन तथा म.प्र. राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

जैसा कि पिछले एक दशक में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर योग तथा औषधीय पौधों एवं लघु वनोपज आधारित आयुर्वेद पद्धति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है, जिसे बृहद स्तर पर समाज द्वारा अंगीकृत किया गया है। उक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए इसके साथ इनके संग्राहकों/उत्पादकों, व्यापारियों, विनिर्माताओं को जड़ी-बूटी के व्यापार एवं ताने-बाने का एक साझा मंच उपलब्ध कराने हेतु म.प्र. राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ प्रयासरत है।

इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला (International Herbal Fair-2022) **की थीम "लघु वनोपज से आत्मनिर्भरता "** (Minor Forest Produce for self-Reliance) **रखी गई है।** अन्तर्राष्ट्रीय वन मेले का मंच स्मारिका के माध्यम से औषधीय पौधों एवं लघु वनोपज आधारित आयुर्वेद पद्धति के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों, आयुर्वेदाचार्यों, अध्यापक गणों, वैद्य गणों, औषधीय विशेषज्ञों, अनुसंधानकर्ताओं, वन अधिकारी गणों एवं वन प्रबंधकों द्वारा किये गए कार्यों को आम-जनों तक पहुँचाने का एक सशक्त एवं प्रभावी माध्यम है। पूर्व में भी आपके द्वारा स्मारिका हेतु विषयक आलेख भेजे जाते रहें हैं। इस अवसर पर पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला आधारित स्मारिका-2022 के विशेष संस्करण का प्रकाशन किया जावेगा।

अत: स्मारिका-2022 वन मेला विशेषांक के लिए थीम "लघु वनोपज से आत्मनिर्भरता " (Minor Forest Produce for self-Reliance) **पर आपके आलेख सादर आमंत्रित हैं। इस हेतु आपसे अनुरोध है कि हिंदी में आलेख** (Arial Unicode MS, Font Size: 14) **एवं अंग्रेजी में आलेख** (Times New Roman, Font Size: 14) **सॉफ्ट कॉपी में ईमेल पर** mpintherbalfair@gmail.com **एवं हार्ड कॉपी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसन्धान केंद्र (एम.एफ.पी.-पार्क) बरखेड़ा पठानी, वन परिसर, भोपाल-462022, मध्यप्रदेश को दिनांक 30 नवम्बर, 2022 तक आवश्यक तौर पर प्रेषित करने का कष्ट करें। निर्धारित प्रारूप एवं समय पर प्राप्त होने वाले उपुयक्त आलेखों को स्मारिका-2022 में प्रकाशित किया जावेगा।**

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए श्री एस.एस. मेहरा, प्रमाणीकरण अधिकारी, एम.एफ.पी.-पार्क से उनके मोबाइल नंबर- 9893055107 अथवा कार्यालय, एम.एफ.पी.-पार्क के टेलीफोन 0755-2970629 पर संपर्क किया जा सकता है। कृपया आलेख निर्धारित प्रारूप में ही भेजें।

(डॉ. दिलीप कुमार) भावसे
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं
अध्यक्ष प्रचार प्रसार एवं स्मारिका समिति